महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

**MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHIKHAND UNIVERSITY, BAREILLY**

*Contact No. 0581-2520487, 2527282, 2523378, Website: www.mjpru.ac.in*

पत्रांक : रू.वि. / प्र.प.प्र. / 2021 / 6297–6305 दिनांक : 21.09.2021

सेवा में,

| | |
|---|---|
| समस्त<br>संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष<br>विश्वविद्यालय परिसर, बरेली | प्राचार्य / प्राचार्या,<br>समस्त सम्बन्धित सम्बद्ध महाविद्यालय,<br>एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली |

विषय : **वर्ष 2021 (सत्र 2021–22) के लिये स्नातक पाठ्यक्रम बी.एलएड. एवं एम.ए., एम.एस.सी. एवं एम.कॉम., एम.फार्मा तथा बी.पी.एड. में ऑनलाईन पंजीकरण के माध्यम से होने वाले प्रवेश हेतु नियम व दिशा निर्देश।**

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में स्नातक स्तर पर बी.एलएड. एवं एम.ए., एम.एस.सी., एम.फार्मा, एम.कॉम., बी.पी.एड. पाठ्यक्रम में ऑनलाईन प्रवेश के सम्बन्ध में आप सभी को सूचित करना है कि कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत छात्रहित में एवं महाविद्यालयों के अनुरोध पर सम्यक् विचारोपरान्त प्रवेश प्रकिया का सरलीकरण करते हुये प्रवेश समिति द्वारा दिनांक 02/07/2021 को यह निर्णय लिया गया है कि सत्र 2021–22 में ऑनलाईन प्रवेश प्रकिया के माध्यम से होने वाले समस्त प्रवेश विश्वविद्यालय की प्रवेश नियमावली एवं पाठ्यकमों के लिये स्थापित अध्यादेशों में वर्णित नियमों एवं दिशा–निर्देशों का पालन करते हुये महाविद्यालय स्तर पर स्वयं सम्पन्न कराये जायेंगे। महाविद्यालय अपने विभिन्न पाठ्यकमों में प्रवेश हेतु सूचना / विज्ञप्ति प्रकाशित कर महाविद्यालय स्तर पर पंजीकरण कर सकते हैं / आवेदन प्राप्त कर सकते हैं। इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में प्रवेश के सम्बन्ध में प्रकाशित पोस्टर के माध्यम से भी अवगत कराया जा चुका है।

प्रवेश प्रकिया निम्नवत् होगी–

1. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय परिसर में संचालित ऐसे सभी स्नातक स्तर के पाठ्यकमों, जिनमें पूर्व के वर्षों में ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन के माध्यम से प्रवेश किये जाते रहे हैं, में कोविड–19 महामारी को दृष्टिगत रखते हुये "प्रवेश समिति" ने प्रवेश प्रकिया का सरलीकरण करते हुये सत्र 2021–22 में नवीन प्रणाली के माध्यम से प्रवेश किये जाने का निर्णय लिया है।

2. प्रवेश हेतु प्रवेश प्रक्रिया पूर्णतया पारदर्शी, शुचितापूर्ण तथा उत्तर प्रदेश सरकार एवं विश्वविद्यालय के नियमों / परिनियमों का पालन करते हुये एवं आरक्षण सम्बन्धी दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करते हुये सम्पादित करेगें।

3. यह प्रवेश प्रक्रिया सत्र 2021–22 के लिये सभी उक्त पाठ्यकमों (प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होने वाले प्रवेशों को छोड़कर) के लिये है।

4. सत्र 2021–22 में उक्त पाठ्यक्रमों में आनलाईन रजिस्ट्रेशन के माध्यम से होने वाले प्रवेश इस वर्ष महाविद्यालयों द्वारा स्वयं किये जायेंगे। किसी भी महाविद्यालय में किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि उसके द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार/ विश्वविद्यालय के नियमों में निहित प्राविधानों का उल्लंघन किया गया है या पालन नहीं किया गया है तो उनके द्वारा प्रवेशित छात्र/छात्राओं को विश्वविद्यालय द्वारा मान्य नहीं किया जायेगा तथा उनका प्रवेश पंजीकरण अनुमन्य नहीं होगा।

5. विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु समस्त महाविद्यालय सूचना/विज्ञप्ति प्रकाशित कर ऑनलाईन अथवा ऑफलाईन माध्यम से छात्र/छात्राओं को प्रवेश आवेदन पत्र उपलब्ध करायेंगे।

6. छात्र/छात्रायें एक अथवा एक से अधिक महाविद्यालयों, जिनमें कि वे प्रवेश के इच्छुक हों, में अपनी अर्हतानुसार महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु सम्बंधित महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रवेश आवेदन पत्र को पूर्णरूपेण भरकर अपनी अंकतालिकाओं, सर्टिफिकेट इत्यादि की छायाप्रति, 5 नवीन फोटोग्राफ एवं विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित रजिस्ट्रेशन शुल्क रू0 100/– के साथ अंतिम तिथि तक आवेदन कर सकते हैं। यदि कोई छात्र/छात्रा प्रवेश हेतु एक से अधिक महाविद्यालयों में विश्वविद्यालय पंजीकरण शुल्क जमा करता है तो अन्य महाविद्यालयों जिनमें छात्र/छात्रा ने प्रवेश नहीं लिया है, में जमा किये गये पंजीकरण शुल्क को वापस किये जाने की जिम्मेदारी विश्वविद्यालय की नहीं होगी। उक्त के संबंध में विश्वविद्यालय पंजीकरण शुल्क महाविद्यालय में अभ्यर्थियों से प्रवेश प्रक्रिया की सम्पूर्ण अवधि में कब लिया जाना है, के विषय में अपने स्तर से स्वयं निर्णय ले सकते हैं/लेने के लिये स्वतंत्र हैं।

7. प्रवेश आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि के उपरान्त समस्त महाविद्यालय प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिये प्राप्त आवेदन पत्रों की जांचकर सही पाये गये आवेदन पत्रों के आधार पर मेरिट लिस्ट (योग्यता क्रम सूची) तैयार कर प्रदर्शित करेंगे।

8. छात्र/छात्रायें केवल एक ही महाविद्यालय में एक ही पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकते हैं। समस्त छात्र/छात्रायें अपनी इच्छा एवं अर्हतानुसार, पाठ्यक्रम एवं महाविद्यालय का चयन सीटों की उपलब्धता के आधार पर कर सकते हैं/करने के लिये स्वतंत्र हैं। उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश लेते समय प्रत्येक अभ्यर्थी को शैक्षिक एवं अन्य यथा आवश्यक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति एवं मूल स्थानांतरण प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होगा।

9. मेरिट लिस्ट (योग्यता क्रम सूची) प्रदर्शित करने के उपरान्त प्रत्येक महाविद्यालय को, प्रवेश हेतु इच्छुक समस्त छात्र/छात्राओं के प्रवेश विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत सुनिश्चित कर प्रत्येक प्रवेशित अभ्यर्थी का कालेज लॉगिन आईडी के माध्यम से विश्वविद्यालय पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर निर्धारित शुल्क रू0 100/– नेट बैंकिंग, क्रेडिट/डेबिट कार्ड इत्यादि द्वारा ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य होगा एवं अभ्यर्थी के आवेदन पत्र के अनुसार पाठ्यक्रम, विषय तथा अन्य सूचनायें भरकर प्रवेश पूर्ण करना होगा।

10. समस्त महाविद्यालय उक्त संदर्भित पाठ्यक्रम के किसी भी अभ्यर्थी का प्रवेश सुनिश्चित करने से पहले यह भलीभांति देख लें कि अभ्यर्थी ने अपने समस्त शैक्षिक प्रपत्र तथा यथा आवश्यक अन्य प्रमाण पत्र एवं मूल स्थानान्तरण प्रमाण पत्र जमा कर दिया है।

11. उत्तर प्रदेश शासन द्वारा समय समय पर लिये गये निर्णयानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के प्राविधान/नियम नवीन सत्र 2021–22 से प्रभावी हैं।

प्रवेश प्रकिया की तिथियाँ निम्नवत् होंगीः–

| क्र. | विवरण | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| 1 | विश्वविद्यालय / महाविद्यालय द्वारा प्रवेश कर विश्वविद्यालय पोर्टल पर शुल्क रू. 100/– प्रति छात्र की दर से जमा कर प्रवेशित छात्रों को पंजीकृत करने की अन्तिम तिथि | 15.10.2021 |
| 2 | विश्वविद्यालय / महाविद्यालय द्वारा प्रवेश कर विश्वविद्यालय पोर्टल पर विलम्ब शुल्क सहित रू. 400/– प्रति छात्र की दर से जमा कर प्रवेशित छात्रों को पंजीकृत करने की अन्तिम तिथि | 23.10.2021 |
| 3 | विश्वविद्यालय / महाविद्यालय द्वारा प्रवेश कर विश्वविद्यालय पोर्टल पर विलम्ब शुल्क रू. 600/– प्रति छात्र की दर से जमा कर प्रवेशित छात्रों को पंजीकृत करने की अन्तिम तिथि | 30.10.2021 |

नोट :

1. **विश्वविद्यालय / महाविद्यालय प्रत्येक दिवस में होने वाले प्रवेशित छात्रों का पंजीकरण विश्वविद्यालय की बेवसाईट पर कराते रहें जिससे अन्तिम तिथि पर उन्हें कोई असुविधा न हो।**

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समन्वयक, ऑनलाईन प्रवेश।
2. वित्त अधिकारी।
3. परीक्षा नियंत्रक।
4. सहायक कुलसचिव (प्रवेश / प्रशासन / परीक्षा)
5. निजी कुलपति, मा. कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
6. वै.सहा., कुलसचिव।
7. प्रभारी, विश्वविद्यालय बेवसाईट।
8. प्रतिनिधि, मैस्कॉट साफ्टवेब प्रा. लि. को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उपरोक्त कार्यक्रमानुसार पोर्टल प्रारम्भ किया जाना सुनिश्चित करें।

कुलसचिव